an asterisk (*) depend...

Order Sheet (subsequent)

राजस्थान राज्य बनाम मोहम्मद सोहेल वगै०

सेशन प्रकरण संख्या : 43/2023

Date	Order with initials of Presiding Officer	Brief note of compliance of the order
12.02.2026	लोक अभियोजक श्री तेजेन्द्र शर्मा उपस्थित। अभियुक्तगण मोहम्मद सोहेल, फराज अब्दुल वसीद उर्फ सोयब माण्डा, सोयब खान उर्फ कालिया व अमानुद्दीन उर्फ टीप अनुपस्थित, जिनकी हाजरी माफी का प्रार्थना–पत्र जरिये अधिवक्ता श्री फिरोज खान पेश हुआ, जो आज के लिए स्वीकार किया गया। साक्ष्य में गवाह अनुपस्थित। गवाह की जारीशुदा तामील बाद अथवा अदम तामील में नहीं लौटी है। इस बाबत् संबंधित एसएचओ पुलिसथाना कोतवाली बारां का स्पष्टीकरण तलब हो। साक्ष्य में गवाह सं. 7 व 8 को जर्ये सम्मन दिनांक 23.02.2026 हेतु एवं गवाह सं. 9 व 10 को जर्ये सम्मन दिनांक 24.02.2026 हेतु तलब किया जावे। हस्तगत प्रकरण लक्षित प्रकरणों की सूची में शुमार है। तामीलों पर लाल स्याही से नोट अंकित किया जावे कि गवाहान की तामील विशेष वाहक द्वारा आवश्यक रूप से कराई जावे। पत्रावली वास्ते साक्ष्य अभियोजन में दिनांक 23.02.2026 को पेश हो। सत्यनारायण टेलर जिला एवं सेशन न्यायाधीश बारां (राज.)	167-3 13-2-26
23.02.2026	लोक अभियोजक उपस्थित। अभियुक्तगण फराज अब्दुल वसीद उर्फ सोयब माण्डा, सोयब खान उर्फ कालिया व अमानुद्दीन उर्फ टीप मय अधिवक्ता उपस्थित। अभियुक्त मोहम्मद सोहेल अनुपस्थित, जिसकी हाजरी माफी का प्रार्थना–पत्र जरिये अधिवक्ता श्री फिरोज खान पेश हुआ, जो आज के लिए स्वीकार किया गया। साक्ष्य में गवाह अनुपस्थित। पत्रावली साक्ष्य अभियोजन हेतु पूर्व नियत दिनांक 24.02.2026 को पेश हो। सत्यनारायण टेलर जिला एवं सेशन न्यायाधीश बारां (राज.)	Amanuddin [illegible] [illegible] [illegible]